# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Ch. Charan Singh University, Meerut


पत्रांक : पी0ए0/3728
दिनांक : 02.07.2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (राजकीय/अनुदानित/अनानुदानित)
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः— दिनांक 07.07.2021 को दोपहर : 12:00 बजे महाविद्यालयों में वृक्षारोपण किये जाने हेतु एक आवश्यक बैठक जूम एप के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा वर्चुअल मोड पर दिनांक 01.07.2021 को उत्तर प्रदेश के समस्त कुलपतिगण एवं समस्त निर्माणकारी संस्थाओं के प्रमुखों के साथ एक बैठक की गयी, जिसमें मा0 कुलाधिपति महोदया के द्वारा निर्देशित किया गया है कि विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (शासकीय/अनुदानित/स्वःवित्त पोषित) के परिसर/निकटवर्ती क्षेत्रों में **दिनांक 04.07.2021 को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम** कराया जाये, जिसमें पीपल के वृक्ष को वरीयता दी जाये एवं प्रत्येक महाविद्यालय कम से कम 100 वृक्षों का वृक्षारोपण कर उनकी फोटोग्राफी करते हुए उसकी पी0डी0एफ0 तैयार कर विश्वविद्यालय की ई-मेल आई0डी0 registrar@ccsuniversity.ac.in पर उपलब्ध कराये, जिससे कृत कार्यवाही की आख्या राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्रेषित की जा सके एवं साथ ही राज्यपाल सचिवालय के पत्र संख्या-ई-3354/जी0एस0 दिनांक 28 मई, 2021 के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा की गयी कार्यवाही की सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी द्वारा दिनांक 07.07.2021 को समय 12:00 बजे जूम एप के माध्यम से वृक्षारोपण एवं राज्यपाल सचिवालय के संदर्भित पत्र (जो कि आउटरीच/विस्तार गतिविधियों के कार्यक्रमों के सम्बन्ध में है) की समीक्षा की जायेगी। जिसमें आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप संदर्भित बिन्दुओं पर **दिनांक 06.07.2021 तक** कृत कार्यवाही एवं भविष्य में कराये जाने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना उपलब्ध कराने के साथ साथ समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। **बैठक का लिंक आपके महाविद्यालय की ई-मेल आई0डी0 पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।**

भवदीय,

02-07-21

**कुलसचिव**

प्रतिलिपि :-

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रति-कुलपति को प्रति-कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
03. प्रो0 बिन्दु शर्मा, जन्तु विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
05. प्रभारी वेबसाइट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
06. सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (शासकीय/अनुदानित/स्वःवित्त पोषित) की मेल आई0डी0 ई0 संदीप अग्रवाल, एस0सी0आर0आई0ई0टी0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
07. ई0 संदीप अग्रवाल, एस0सी0आर0आई0ई0टी0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे उक्त बैठक को जूम एप के माध्यम से कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (शासकीय/अनुदानित/स्वःवित्त पोषित) को जूम एप लिंक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**कुलसचिव**